हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 31 मार्च 2026

13 एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी व कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त



14 हांसी में समाधान शिविर से अधिकारी गायब



## खबर संक्षेप

### राजकीय पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों का चयन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने कैंपस प्लेसमेंट में सफलता प्राप्त करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान में गत 6 मार्च को आयोजित कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से केशवा क्रेडिट सर्विसीज प्राइवेट लिमिटेड फतेहाबाद में विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कंप्यूटर इंजीनियरिंग शाखा के कुल 5 विद्यार्थियों अजय, निताशा, रेखा, सौरव और उज्जानीका चयन डिप्लोमा ट्रेनी पद के लिए हुआ।

### अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 4 से

**हिसार।** 15वीं हरियाणा राज्य जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 4 व 5 अप्रैल को करनाल के कर्ण स्टेडियम में किया जाएगा। चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 20 वर्ष से कम आयु के लड़के और लड़कियां पात्र होंगे। लड़के और लड़कियां (20 वर्ष से कम) जिनका जन्म 26 अप्रैल 2006 के बाद और 27 अप्रैल 2010 से पहले हुआ है, वे भाग लेने के पात्र हैं। अंडर-18 एथलीटों को अधिकतम 2 ट्रैक स्पर्धाओं में भाग लेने की अनुमति होगी जिनमें से केवल 1 स्पर्धा 200 मीटर से अधिक दूरी की हो सकती है।

### विज्ञान-गणित प्रतियोगिताओं का आयोजन

**हिसार।** नजदीकी गांव तलवंडी राणा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान एवं गणित के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ाने एवं विभिन्न प्रकार के स्कोप के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में साइंस मॉडल मेकिंग, मैथ्स मॉडल मेकिंग और पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मोनिका ने प्रथम, प्रियंका ने द्वितीय तथा हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### निगम ने 41 बेसहारा पशु, भेजे गोअभ्यारण्य

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। निगम की ओर से यह अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने महाबीर कॉलोनी, न्यू मॉडल टाउन, सेक्टर 9-11 से 41 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गोअभयारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### हिसार तहसील में अंतिम कार्य दिवस पर हुई 221 रजिस्ट्रियां

# नए कलेक्टर रेट लागू होने से पहले रजिस्ट्री के लिए उमड़ी भीड़

- दिनभर तहसील परिसर में रही अफरा-तफरी, तहसील में अंतिम कार्य दिवस पर बढ़ा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एक अप्रैल से नए कलेक्टर रेट लागू होने की संभावना को देखते सोमवार को तहसील परिसर में रजिस्ट्री कराने को लेकर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। महावीर जयंती के अवसर पर 31 मार्च को सरकारी अवकाश के चलते आज अंतिम कार्य दिवस थी। जिन लोगों ने रजिस्ट्री के लिए टोकन कटवाया हुआ थे, वे सुबह 8 बजे से ही तहसील कार्यालय पहुंच गए और अपनी बारी की प्रतीक्षा करने लगे। हालांकि कार्यालय खुलने के साथ ही सर्वर डाउन होने के कारण कुछ देर के लिए रजिस्ट्री कार्य प्रभावित भी हुआ। बाद में सर्वर सुचारू चलता रहा और रजिस्ट्रियां स्पीड से होती रही। अंतिम कार्य दिवस होने के कारण तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार तहसील में ही मौजूद रहे, ताकि लोगों को किसी तरह की दिक्कत न आए। हिसार तहसील में रजिस्ट्रियां का आंकड़ा 221 पर पहुंच गया।

जानकारी के अनुसार हिसार व हांसी जिले की विभिन्न तहसील व सब तहसीलों में हिसार, बरवाला, उकलाना, आदमपुर, अग्रोहा, बालसमंद, हांसी, नारनौंद और बास में प्रतिदिन करीब 600 टोकन जारी किए जाते हैं। इनमें सबसे अधिक लगभग 150 टोकन केवल हिसार तहसील में ही जारी होते हैं।



**हिसार।** रजिस्ट्री कराने के लिए तहसील परिसर में उमड़ी भीड़।



**हिसार।** लोगों के कार्यों का निपटान करते तहसीलदार मुकेश कुमार।

### सोमवार को रजिस्ट्री के लिए लगी भीड़

सरकार के नियमानुसार टोकन प्रणाली के तहत आवेदक को 10 दिनों के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर अपनी रजिस्ट्री कराने की सुविधा दी जाती है। अन्य दिनों की तुलना में सोमवार को अंतिम कार्य दिवस होने तथा एक अप्रैल से नए कलेक्टर रेट लागू होने की संभावना को देखते रजिस्ट्री कराने के लिए लोगों की भारी भीड़ तहसील परिसर में पहुंच गई। देखते ही देखते पूरा परिसर लोगों से खचाखच भर गया। लगभग दोगुना भीड़ तहसील परिसर में थी। भीड़ अधिक आने के कारण तहसील परिसर में व्यवस्था बनाने में भी थोड़ी दिक्कत आई। हालांकि तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने तहसील कर्मचारियों की मदद से व्यवस्था को संभाल लिया। सोमवार की सुबह 9 बजे सर्वर डाउन होने के कारण रजिस्ट्री कराने पहुंची लोगों में मायूसी छाने लगी। उन्हें यह डर सताने लगा कि अगर आज नहीं रजिस्ट्री नहीं होती है तो एक अप्रैल को बढ़ाने वाले नए कलेक्टर रेट के हिसाब से रजिस्ट्री करानी पड़ेगी। इससे सरकार को राजस्व का फायदा होगा और उनकी जेबें ढीली होंगी। एक करीब घंटे बाद सर्वर ने रफ्तार पकड़ी तो लोगों ने कुछ राहत की सांस ली।

### जो भी लोग आए, उनकी रजिस्ट्री की जाएगी

सोमवार को अंतिम कार्य दिवस तथा एक अप्रैल से नए कलेक्टर रेट लागू किए जाने का प्रस्ताव के चलते रजिस्ट्री के लिए अन्य दिन की तुलना में ज्यादा लोग पहुंचे। सुबह से ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया चल रही है। जो भी लोग आए हैं उनकी रजिस्ट्री की जाएगी। शाम तक हिसार तहसील में कुल 221 रजिस्ट्रियां हुई। पेपरलैस रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी करने के बाद आवेदकों को तहसील की तरफ से टोकन जारी कर दिया जाता है। टोकन जारी होने के बाद आवेदक 10 दिन के अंदर कभी भी रजिस्ट्री करवा सकता है। इससे अधिक दिन होने पर आवेदक को दोबारा टोकन लेना पड़ेगा।

-मुकेश कुमार, तहसीलदार, हिसार।

### कॉलोनाइजरों को फायदा पहुंचाने के लिए कलेक्टर रेट बढ़ाए : राजेन्द्र सोरखी



**हांसी।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में प्रस्तावित कलेक्टर रेट में 15 से 75 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी को जनविरोधी और असंवेदनशील फैसला बताया है। जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि हरियाणा सरकार पूरी तरह भू माफियाओं की गिरफ्त में है और केवल कॉलोनाइजरों को लाभ पहुंचाने के लिए कलेक्टर रेट बढ़ाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता परेशान है, वहीं दूसरी तरफ सरकार इस कठिन समय में राहत देने के बजाए कलेक्टर रेट में भारी वृद्धि कर आमजन की कमर तोड़ने का काम कर रही है। इससे जमीन, मकान और रजिस्ट्री से जुड़े सभी खर्चों में सीधा इजाफा होगा, जिसका असर आम आदमी और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। राजेन्द्र सोरखी ने यह भी सवाल उठाया कि 28 मार्च को दोपहर बाद जिलों की वेबसाइट पर प्रस्तावित रेट अपलोड किए गए और आपत्तियां व सुझाव देने के लिए 30 मार्च दोपहर 3 बजे तक का ही समय दिया गया है, जिसमें 29 मार्च को रविवार की छुट्टी भी शामिल है। ऐसे में आम जनता को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जा रहा, जो सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि जनता को कम से कम 30 दिनों का समय शिकायतें, सुझाव हुए आपत्ति के लिए दिया जाए और इसके साथ-साथ अखबारों व अन्य माध्यम से जनता को इन असामान्य बढ़ोतरी के बारे में जागरूक किया जाए क्योंकि डेढ़ दिनों का समय सरकार की केवल खानापूर्ति है और असामान्य कलेक्टर रेट को भोली-भाली जनता पर चोरी छिपे थोपने का प्रयास है।

# डीसी ने बरवाला व उकलाना मंडियों का किया निरीक्षण



**बरवाला।** मंडियों के दौरे के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते उपायुक्त महेंद्र पाल।

- डीसी ने गेट पास व्यवस्था, नापतोल प्रक्रिया तथा नमी मापक यंत्रों की कार्यप्रणाली की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

उपायुक्त महेंद्र पाल ने सोमवार को खंड बरवाला तथा उकलाना की अनाज मंडियों का दौरा कर फसल खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडियों में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान मार्केट कमेटी अधिकारियों, आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं व सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि मंडियों में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और उनकी फसल की खरीद सुचारू, पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में खरीद एजेंसियों की पर्याप्त व्यवस्था रहे, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए इंतजार न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने गेट पास व्यवस्था, नापतोल प्रक्रिया तथा नमी मापक यंत्रों की कार्यप्रणाली की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उपकरण सही व पारदर्शी तरीके से कार्य करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि तिरपाल व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रखी जाएं। उपायुक्त महेंद्र पाल ने फसल आने उपरांत उसका उठान भी समय-समय पर किया जाए ताकि मंडियों में फसल का अनावश्यक स्टॉक जमा न हो और किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

### नगर निगम ने खुले में कचरा डालने पर किए 11 चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर निगम की स्वच्छता शाखा की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 11 चालान किए। आईटीआई चौक पर कचरा सेग्रीगेट करके नगर निगम के वाहन में डालने पर एसआई कपिल व एएसआई प्रवीन ने चार के चालान किए। इसके साथ उन्होंने कैमरी रोड दो दुकानदारों के द्वारा कचरा डस्टबिन का प्रयोग न करने पर उनका चालान किया गया। मिलगेट और सब्जी क्षेत्र में खुले में कचरा डालने पर एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार व एएसआई रोहित ने दो दुकानदारों के पांच-पांच हजार रूपये के चालान किए। इसके साथ ही पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में एक दुकानदार के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन करके वाहनों में न डालने पर उसका चालान किया। एएसआई सरोज ने ओल्ड कोर्ट काम्पलैक्स क्षेत्र में एक दुकानदार के द्वारा के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन के नगर निगम के वाहन में न डालने पर उसका चालान किया। एएसआई सन्नी ने तोशाम रोड पर एक दुकानदार के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन करके नगर निगम के वाहन में न डालने पर उसका चालान किया।

### नारनौंद के दिव्यांगों ने हरियाणा को सोने से चमकाया

# गुवाहाटी में हुए लॉन बॉल्स में दिव्यांगों ने जीते 35 मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

आसाम के गुवाहाटी में आयोजित दूसरी पैरा लॉन बॉल्स नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा के दिव्यांगों ने 35 मेडल जीतकर पूरे देश में अपना परचम लहरा दिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 28 मार्च तक भोगेश्वर बरूआ शुरूसजई स्टेडियम में हुआ था। इसमें प्रदेश के नए जिले हांसी के खिलाड़ियों ने पांच गोल्ड ओर दो सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। बुधवार को नारनौंद में पहुंचने पर सभी विजेता दिव्यांग खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

खिलाड़ी महेंद्र ने बताया कि पैरा लॉन बाल में मास्टर सतीश माजरा व सतीश कुमार कापड़ों ने कैटगरी बी सिक्स में जो कि व्हील चेयर पर बैठकर खेली जाती हैं। उसमें डबल गोल्ड मेडल जीता। कैटगरी बी आठ में ट्रिपल में संदीप कापड़ो ने एक गोल्ड और डबल में एक सिल्वर मेडल जीता है। कैटगरी बी सात में महेंद्र नारनौंद ने भी सिल्वर मेडल जीतकर अपने नारनौंद क्षेत्र का नाम रोशन किया। हरियाणा के डबल गोल्ड मेडल विजेता। अमित दिनोदिया, पंकज शर्मा, श्याम सुंदर, सुरजीत, रेखा, धर्मेंद्र, अंजू बला, विकाश नरवाल, पूजा, शालू ने गोल्ड मेडल जीता। अश्वनी ने एक गोल्ड और सिल्वर। ब्रह्मा ने एक सिल्वर ओर एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नाम रोशन किया। लक्ष्मी, मुक्ता सपना ओर पवन ने अलग अलग कैटगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीते।



**नारनौंद।** दिव्यांग खिलाड़ियों को मेडल जीतने पर सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

### दुकानदार को डिजिटल अरेस्ट कर 9 लाख ठगे

**हिसार।** आजाद नगर स्थित गीता कॉलोनी में रहने वाले एक दुकानदार को साइबर अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट कर गिरफ्तारी का भय दिखाकर नौ लाख रुपये ठगे लिए। इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में दुकानदार ने बताया कि वह गीता कॉलोनी में रहता है और उसकी किरयाना की दुकान है। गत 19 मार्च की दोपहर को 12 बजकर 12 मिनट पर उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को दूरसंचार विभाग, दिल्ली का अधिकारी बताया। शिकायकर्ता के अनुसार उसने बताया कि 17 फरवरी को मुंबई के घाट कोपर से एक सिम जारी हुआ है। इस नंबर के खिलाफ 24 शिकायतें आई हुई हैं। जांच के लिए तुम्हें फोन किया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कॉल करने वाले ने डरा धमका कर पूरे परिवार की बैंक और निजी जानकारी ले ली। कुछ देर के बाद दूसरे नंबर से कुछ फोटोज आई। इसमें सीबीआइ मुंबई की एफआइआर, मेरे नाम का प्रिंट किया हुआ क्रेडिट कार्ड और अन्य सीबीआई के दस्तावेज भेजे गए। फोन करके वीडियो कॉल उठाने पर मजबूर किया। उसके बाद नकली सीबीआई अफसर बनकर उस पर दबाव बनाया और अलग-अलग अधिकारी बनकर तीन-चार लोगों ने उसे गिरफ्तार करने का डर दिखाया।

# हाई वोल्टेज की लाइन के पोल को लेकर किसान और सरकार आमने-सामने

- खेतों में बिजली के हाई वोल्टेज पोल को लेकर किसान एसडीएम से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



**नारनौंद।** उपमंडल परिसर में प्रदर्शन करते किसान।

किसानों के खेतों से गुजरने वाली हाई वोल्टेज की लाइन के पोल को लेकर पिछले काफी महीनों से किसान और सरकार आमने सामने है।किसानों ने ऐलान किया है कि जब तक उन्हें अपनी जमीन का मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक खेत में एक भी पोल नहीं खड़ा होने देंगे। दर्जनों गांव के किसान सोमवार को जमीन की वैल्यूएशन लगवाने के लिए एसडीएम से मुलाकात करने के लिए पहुंचे। उन्होंने सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब, किसान राकेश लोहान, सोनू लोहान, भूप सिंह, नीरज, संदीप, विकास, ईश्वर, रविंदर, कुलवंत, रामकिशन, सत्यनारायण, राकेश इत्यादि ने बताया कि पिछले काफी दिनों से गांव पेटवाड़, बास, नारनौंद, कुम्भा, थूराना, मोहला, भकलाना जमावड़ी, माजरा के सैकड़ों किसानों के खेतों से बिजली की हाई वोल्टेज की लाइन गुजारने के लिए बड़े पोल लगाने का काम शुरू किया गया था। उचित मुआवजा न मिलने के कारण किसानों ने काम को बंद करवा दिया था। क्योंकि अभी एचवीपीएनएल की तरफ से मुआवजे को लेकर कोई पॉलिसी जारी नहीं की गई थी। अब मार्केट कमेटी रेट की पॉलिसी को मान लिया गया है। अब किसानों की भूमि के रेट तय करने करने के लिए केंद्रीय सरकार की तरफ से अप्रूव्ड अधिकारी को नियुक्त करना होगा। इसी को लेकर एसडीएम से मिले थे। एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही अधिकारी की नियुक्ति करके किसने की जमीन के रेट तय कर दिए जाएंगे और इस आधार पर मुआवजा दिया जाएगा ताकि हाई वोल्टेज की लाइन पर पोल लगाने का काम शुरू हो सके।



**हिसार।** कब्जे हटाते निगम की टीम।

# रेलवे स्टेशन रोड से हटाया अतिक्रमण

- नगर निगम व बीएंडआर की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम व बीएंडआर की संयुक्त कार्रवाई में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। रेलवे स्टेशन के नजदीक जाट कॉलेज के साथ लगती रोड अतिक्रमण हटवाया गया। नगर निगम और बीएंडआर के अधिकारियों ने बताया कि इस रोड के घर व दुकानदारों ने रोड के साथ-साथ अतिक्रमण किया हुआ था वहीं कुछ ने दीवार निकाली हुई थी। इसको लेकर संयुक्त अभियान चलाकर कर्मचारियों व जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण को हटाया गया। तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार की गई है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर पूरे शहर में किया जा रहा है। शहरवासियों से अपील है कि अपना सामान अपनी परिधि में रखे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें।

### हकृवि में संस्थान नीलोखेड़ी की 33वीं प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

# प्रशिक्षण देने में विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी की अग्रणी भूमिका

- बैठक में आठ राज्यों के अधिकारियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी की 33वीं प्रबंधन समिति की बैठक हुई। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज की अध्यक्षता में हुई बैठक में जन प्रतिनिधि के रूप में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में एचएयू सहित कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, बिहार व झारखंड के राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार संस्थान के निदेशक, विभिन्न राज्यों के कृषि एवं संबंधित विभागों के निदेशक भी ऑनलाइन जुड़े। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विस्तार शिक्षा संस्थान मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान कर आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों से संस्थान को पर्याप्त वित्तीय सहयोग देने का आह्वान किया और विभिन्न राज्यों के कृषि एवं संबंधित विभागों से अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए भेजने की अपील की। कुलपति ने बताया कि संस्थान विस्तार अधिकारियों को नवीनतम कृषि अनुसंधान की जानकारी देने, फसल उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने और आय बढ़ाने के उपायों के बारे जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। विस्तार अधिकारियों से फीडबैक लेकर प्रशिक्षण नीतियों में सुधार करने, नई तकनीकों कों विस्तार अधिकारियों तक पंहुचानें का कार्य करता है ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके।



**हिसार।** बैठक में वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की तरफ से एडिशनल कमीश्नर, डॉ. संजय कुमार, विस्तार प्रशिक्षण के डायरेक्टर डॉ. शैलेष, ज्वाइंट डायरेक्टर सेलवम मौजूद रहे एवं संस्थान को सभी प्रकार का सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार रोहिला ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आधुनिक तकनीकों के व्यापक प्रसार पर बल दिया

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ाने एवं आधुनिक तकनीकों के व्यापक प्रसार पर बल दिया। संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. संजय कुमार ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रबंधन समिति द्वारा संस्थान के सुचारु संचालन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। उन्होंने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।



पूरे सप्ताह चालीस से अधिक घंटे काम करने के बाद कोई भी वर्किंग वूमेन वीकेंड आते-आते बर्न आउट हो सकती है। होममेकर की तो और ज्यादा दयनीय स्थिति हो जाती है, उसका तो कोई वीकेंड होता ही नहीं। हफ्ते के सातों दिन जी तोड़ मेहनत, एक-सी दिनचर्या। तो क्या आप चाहेंगी इस ट्रेंड को बदला जाए? निश्चित ही हम सभी एक बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। तो फिर हम क्यों न सुनें, थोड़ी अपने मन की, थोड़ी अपने दिल की।

# सुनें अपने दिल की

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

साल 2021 में शालिनी को मार्केटिंग एजेंसी में एक पसंदीदा नौकरी मिली थी। अपने चुने हुए करियर की दिशा में यह उनका पहला बड़ा कदम था। अगले ही वर्ष उन्होंने तय किया कि वे जगह-जगह दोबारा से घूमने के अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने अपनी एक ट्रैवल एजेंसी शुरू की। दो साल तक यात्रा जारी रखते हुए अपने बिजनेस को संभाला। लेकिन फिर वह पूरी तरह थक कर चूर हो गईं। अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। एड्रेनल बर्नआउट (अत्यधिक तनाव के कारण शरीर का थक जाना), रिश्तों में तनाव और जिंदगी की दूसरी परिस्थितियों के कारण पड़ने वाले दबाव की वजह से सब कुछ छोड़ना पड़ा। शालिनी बताती हैं, 'पूरे एक साल तक लगातार अपनी पूरी ऊर्जा झोंकने के बाद मेरी सारी शक्ति खत्म हो गई थी। लगभग हर दिन पैनिक अटैक से जूझने लगी थी। यहां तक कि घर के सबसे छोटे-मोटे काम भी बहुत भारी लगने लगे थे। फिर मैंने पाया कि अपने भीतर की कुछ खास भावनाओं या ऊर्जा पर ध्यान लगाने से मेरे मन को शांति मिली। अब मेरा फोकस सिर्फ इतना पैसा कमाने पर है, जिससे मेरी बुनियादी जरूरतें पूरी हो सकें।'

## जॉब से ब्रेक लेकर पूरे करें पैशन



**हमें उदाहरण** के तौर पर कई ऐसी महिलाएं मिल जाएंगी, जिन्होंने अपने करियर में ऊंची उड़ानें भरीं-मोटे सैलरी पैकेज के साथ उन्हें कंपनी की गाड़ी और शानदार घर भी मिला। जिंदगी भरपूर एंज्वॉय के साथ चलने लगी। 35 साल की उम्र तक लगा कि सब हासिल कर लिया है। लेकिन एक दिन उन्हें एहसास होता है कि वह तो भागती जिंदगी का हिस्सा बनकर रह गई हैं। असली खुशी नहीं मिल रही है। अंदर से खालीपन महसूस हो रहा है। वे यह भूल चुकी थीं कि उनके लिए क्या जरूरी है और असल में उन्हें क्या चाहिए? उनकी सेहत बिगड़ने लगी। तब उन्होंने पहली बार 'बर्नआउट' (मानसिक और शारीरिक थकावट) का अनुभव किया। ऐसी थकान होने लगी कि कितनी भी नींद या लंबा वीकेंड उसे दूर नहीं कर पातीं। ऐसा लगता जैसे कि सारी ऊर्जा खत्म हो चुकी है। लगभग हर चीज के लिए अपना उत्साह खो दिया है। अंत में उन्होंने सब कुछ छोड़ने का निर्णय लिया। नई शुरुआत की। उन्हें लगा म्यूजिक सीखना चाहिए, पेंटिंग करनी चाहिए। अपने पैशन को जीना चाहिए। उन्होंने वह सब करना शुरू किया, जिसकी चाहत उन्हें बरसों से थी। ऐसा होते ही वह खुश रहने लगीं।

## परफेक्ट बनने के चक्कर में उलझी जिंदगी

लेखिका एवं कोच जेस स्टुअर्ट भी कॉर्पोरेट जगत में काम करते हुए पूरी तरह से थक कर चूर हो गई थीं यानी 'बर्नआउट' की शिकार हो गई थीं। क्योंकि वह खुद को साबित करने और अपने आस-पास के हर किसी का ख्याल रखने में ही बहुत अधिक बिजी थीं। उनके अनुसार, वे एक साथ बहुत सारी चीजें संभालने की कोशिश कर रही थीं और उन सभी को एकदम परफेक्ट बनाना चाहती थीं। लेकिन इससे वह मुश्किल से ही तालमेल बिठा पा रही थीं। उन्हें जिम या काम पर जाने से पहले सुबह जल्दी उठकर योग करने की हिम्मत नहीं होती थी। वह खुद को ही कोसती रहती थीं। उन्हें एहसास हुआ कि यात्रा करने और मीटिंग्स में शामिल होने में ही वे घंटों बिता देती थीं। असल में अपनी जिंदगी नहीं जी रही थीं। अपनी किताब 'बर्नआउट टु ब्रिलियंस' में वे लिखती हैं, 'मैं अपने जुनून को पूरा करना चाहती थी। मैंने लंबे समय के रिश्ते, कॉर्पोरेट जगत का करियर छोड़ दिया और पूरी तरह से दिशा बदलने का फैसला किया। मैंने किताबें लिखनी शुरू की। बाली की यात्रा की। ब्रिटेन में उन लोगों के साथ समय बिताया, जिन्हें मैं प्यार करती थी। इन यात्राओं के बीच कई रिट्रीट और आश्रमों में भी समय बिताया। वहां मैंने योग, माइंडफुलनेस, मौन, ध्यान और खुद से जुड़ने के लिए समय निकाला। यह मेरी जिंदगी का एक अहम मोड़ साबित हुआ।'



## बर्नआउट का हेल्थ पर असर

दरअसल, आधुनिक भारतीय परिदृश्य महिलाओं के लिए एक विरोधाभासी वास्तविकता प्रस्तुत करता है। जहां एक ओर पेशेवर अवसर बढ़े हैं, वहीं घरेलू जीवन की संरचनात्मक अपेक्षाएं कठोरता से बनी हुई हैं। महिलाओं को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। तनावपूर्ण करियर के साथ-साथ परिवार की देखभाल की भूमिका निभानी होती है। यह दीर्घकालिक तनाव उनके स्वास्थ्य पर लगातार प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए पूरे हफ्ते काम करने के



बाद बर्नआउट आम बात हो गई है। यह केवल एक सामाजिक घटना नहीं, बल्कि चिकित्सकीय चिंता का विषय बन गई है। साल 2024-25 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, भारत में लगभग 28.6 प्रतिशत महिलाएं चिंता से ग्रस्त हैं, जबकि 22 प्रतिशत से अधिक महिलाओं में अवसाद के लक्षण पाए गए। असल में ये पारिवारिक जीवन से संबंधित चीजों की योजना बनाने, समन्वय करने और याद रखने के अदृश्य कार्य, मानसिक बोझ का सामूहिक तनाव हैं।

## संतुलन से बनेगी बात


अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि प्रति सप्ताह 55 घंटे या उससे अधिक काम करने से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम काफी बढ़ जाते हैं। इनमें हृदय रोग और स्ट्रोक शामिल हैं। इन निष्कर्षों ने काम के लंबे घंटों के बजाय व्यवस्थित लचीलेपन की मांग को और मजबूत किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तो बर्नआउट को आईसीडी-11 के तहत एक व्यावसायिक घटना के रूप में वर्गीकृत किया है। यही कारण है कि कार्यस्थल पर बर्नआउट की समस्या को मान्यता मिली है और टिकाऊ कार्य घंटों के बारे में चर्चा तेज हो गई है। इस संदर्भ में लाइफ कोच शांभवी की सलाह ध्यान देने वाली है, वह कहती हैं, 'जीवन वैसे भी संतुलन का दूसरा नाम है। आज के दौर के शहरी जीवन में पुरुष-महिला दोनों का काम करना जरूरी है। क्योंकि महिलाओं की जिम्मेदारी दोहरी हो जाती है। इसलिए उन्हें अपनी सेहत का पूरा खयाल रखना है। अपनी नींद पूरी करनी है। उन्हें अपने खानपान का उतना ही ध्यान रखना है, जितना वे परिवार के दूसरे सदस्यों का रखती हैं। नाश्ते में प्रोटीन लेना नहीं भूलना है और न नियमित अंतराल में पानी पीना। वे जितना अधिक शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखेंगी, उतना अच्छा परिणाम मिलेगा। महिलाएं अपने शौक पूरे कर सकती हैं। दोस्तों एवं परिजनों के साथ छुट्टियों पर जा सकती हैं, क्योंकि जब मन चंगा, तो सब चंगा।'

# पत्नी को ऐसे महसूस कराएं खास

जिस तरह पत्नी, पति को खुश रखने में कोई कसर नहीं छोड़ती, छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती है ताकि पति को कोई परेशानी ना हो। पति का भी यह दायित्व बनता है, वह भी अपनी पत्नी का ख्याल रखे, उसे कुछ खास महसूस कराए। इसके लिए वे किन बातों का ध्यान रखें, जानिए।

मैंस कॉर्नर

स्नेहा सिंह



पत्नी को खुश करने की कोशिश करने वाले कई पुरुषों को यह गलतफहमी होती है, उन्हें खुश करने के लिए महंगे उपहार देना चाहिए, जबकि वे छोटी-छोटी बातों से बड़ी आसानी से खुश हो जाती हैं, महंगे तोहफे की कोई जरूरत नहीं है। आइए जानते हैं, पत्नी को खुश रखने और उसे खास महसूस कराने के लिए आप किन बातों का ध्यान रखें-

**अपने प्रेम को अभिव्यक्त करें:** अधिकांश महिलाओं को वे पुरुष ज्यादा पसंद आते हैं, जो उनसे खुलकर प्रेम जताते हैं। तो समय-समय पर पत्नी को गले लगाएं, अपने प्यार को शब्दों और व्यवहार से व्यक्त करें। सच्चे प्रेम की अभिव्यक्ति बहुत गहरा असर करती है। इससे न केवल पत्नी खुश होती है, पति-पत्नी दोनों का रिश्ता और गहरा होता है।

**कभी-कभी ब्रेकफास्ट बनाएं:** अगर आप सुबह उठकर पत्नी के लिए चाय-कॉफी या हल्का नाश्ता बनाएंगे तो यह उसके लिए एक प्यारा सरप्राइज होगा। आपको नाश्ता और खाना बनाना नहीं आता है तो



आजकल इंटरनेट से नई डिशेज की रेसिपी सीखी जा सकती है। एक बार आप नई डिश बनाना शुरू करेंगे तो कोई भी डिश आसानी से बना लेंगे।

**अच्छे श्रोता बनें:** महिलाओं को ऐसे पुरुष अच्छे लगते हैं, जो उनकी बातों को ध्यान से सुनते हैं। जब भी पत्नी आपसे बात करे, तो मोबाइल या टीवी देखने के बजाय उसकी आंखों में देखकर उसकी बातें ध्यान से सुनें। इससे निश्चित ही आपकी पत्नी खुद को खास महसूस करेगी।

**डेट नाइट की प्लानिंग करें:** शादी के बाद भी पत्नी अपने पति के साथ खास समय बिताना चाहती है। आप कभी-कभी डेट नाइट की प्लानिंग बनाएं। बाहर जाकर किसी अच्छे होटल में पत्नी की पसंद का खाना खाएं, साथ में अच्छा समय बिताएं। इससे उसे महसूस होगा कि वह आपके लिए बहुत खास है।

**पत्नी को दें भावनात्मक सुरक्षा:** पत्नी की सिर्फ शारीरिक सुरक्षा ही नहीं, भावनात्मक सुरक्षा भी जरूरी है। अपनी भावनाएं पत्नी से साझा करें, साथ ही उसकी भावनाओं को भी समझने की कोशिश करें। मुश्किल समय में उसका साथ दें और उसकी हिम्मत बनें। इससे पत्नी का आपके प्रति भरोसा और भी अधिक बढ़ेगा।

**हाथ से बनी हुई भेंट दें:** हाथ से लिखा हुआ पत्र, छोटा-सा कार्ड या स्वयं बनाया गया कोई उपहार पत्नी के लिए बेहद खास होता है। यह महंगे तोहफों से भी ज्यादा दिल को छूता है। इसलिए समय-समय पर पत्नी को हाथ से बनी चीजें दें।

**सुबह प्यारा सा संदेश भेजें:** दिन की शुरुआत एक अच्छे संदेश से करें। स्मार्टफोन इसके लिए बहुत यूजफुल रहेगा। जब सुबह के समय पत्नी को आपका प्यार भरा मैसेज दिखेगा तो यकीन मानिए, आपका एक छोटा-सा प्यार भरा मैसेज पत्नी का पूरा दिन खुशहाल बना देगा। आपको भी उसे खुश देखकर खुशी होगी।

जी हां, दांपत्य रिश्तों में मिठास महंगे उपहारों से नहीं, छोटी-छोटी बातों और सच्चे प्रेम से आती है। इन सरल उपायों को अपनाकर आप अपनी पत्नी को खुश रख सकते हैं, उसे यह महसूस करा सकते हैं कि वह आपकी जिंदगी में बहुत ही खास है।

रिश्ते

दीपिका शर्मा

कभी भी दो लोगों के विचार हमेशा एक समान नहीं हो सकते। ऐसे में रिश्ते को मधुर-मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आपसी मतभेद के बावजूद हम एक-दूसरे का सम्मान करें और उसे मनभेद में न बदलने दें।

# मतभेद को न बनने दें मनभेद

रिश्तों को निभाना भी एक कला है। जो इस कला को सीख जाता है, वह संतोषजनक जीवन जीता है। वहीं जो इससे वंचित रहता है, वह तनावपूर्ण रिश्ते और असंतोष से घिरा रहता है। रिश्तों में मतभेद होना स्वाभाविक है, क्योंकि दो अलग परिवेश से जुड़े लोगों का मिलन, दो अलग विचारों का मेल होता है। जब विचार अलग होते हैं, तो थोड़ी नोक-झोंक और टकराव होता ही है। लेकिन इसे सहजता से जिया जा सकता है, बजाय मनभेद में बदलकर। क्योंकि जब मनभेद पैदा होता है, तो रिश्तों को निभाना बेहद कठिन हो जाता है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मनभेद, रिश्तों के टूटने का एक प्रमुख कारण बनता है। ऐसे में जरूरी है कि जहां हमारे विचार भिन्न हों, वहां विचारों का विरोध करें, व्यक्ति का नहीं।

**वैचारिक भिन्नता को स्वीकारें:** हम सबकी सोच अलग हो सकती है, क्योंकि हर किसी के अनुभव, माहौल और परिस्थितियां अलग होती हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं



कि केवल विचारों का अलग होना रिश्तों में खटास का कारण बन जाए और हम एक-दूसरे से दूर हो जाएं। कभी-कभी सही व्यक्ति भी गलत सोच सकता है, और जिसे हम गलत समझते हैं, वह भी कभी सही विचार रख सकता है। अगर हम हर मतभेद को 'मनभेद' में बदल देंगे, तो विश्वास पर टिके रिश्ते भी डगमगा



इस बदलाव के कारण यदि हम अपने रिश्तों को ही बदल दें या तोड़ दें, तो यह भावनात्मक संतुलन को प्रभावित करता है। विचार बदल सकते हैं, पर अपने लोगों के प्रति जुड़ाव और अपनापन बना रहना चाहिए।

जाएंगे। इससे न केवल रिश्ते टूटेंगे, बल्कि समाज भी बिखरने लगेगा। इसलिए कुछ बातें हैं, जो मतभेद को मनभेद बनने से रोक सकती हैं।

**सम्मान का रखें ध्यान:** किसी के साथ असहमति का अर्थ विरोध करना है, अपमान करना नहीं। जब हम किसी की बात से सहमत नहीं होते, तो हमारा पहला कर्तव्य है कि हम अपनी बात को विनम्रता और सम्मान के साथ रखें। कठोर शब्द, ताने या व्यंग्य सामने वाले के मन को आहत करते हैं और बात का मूल उद्देश्य खो जाता है। सम्मान बना रहेगा, तो संवाद के द्वार हमेशा खुले रहेंगे।

**बहस करें तो मर्यादा के साथ:** बहस का उद्देश्य जीतना नहीं, समझना होना चाहिए। जब बहस मर्यादा से बाहर चली जाती है, तो वह विवाद बन जाती है। आवाज ऊंची करने, व्यक्तिगत आरोप लगाने या पुरानी बातों को उछालने से स्थिति और बिगड़ती है।


**सोच बदलिए पर संबंध नहीं:** जीवन में परिस्थितियां और अनुभव हमारी सोच को बदलते रहते हैं। यह बदलाव आवश्यक भी है, लेकिन

**बोलने के साथ सुनना जरूरी:** अकसर हम अपनी बात कहने में इतने व्यस्त रहते हैं कि सामने वाले को सुनना ही भूल जाते हैं। सही संवाद तभी संभव है, जब हम ध्यानपूर्वक सुनें और समझने की कोशिश करें। सुनने से गलत फहमियां कम होती हैं।

**विचारों पर बात करें:** किसी के विचार से असहमत होना ठीक है, लेकिन उस व्यक्ति के चरित्र या व्यक्तित्व पर सवाल उठाना गलत है। 'तुम हमेशा गलत सोचते हो।' जैसे वाक्य संबंधों में दूरी पैदा करते हैं, जबकि 'मुझे इस विचार से असहमति है' कहना स्वस्थ संवाद को बढ़ावा देता है।

**समय-स्थिति का ध्यान रखें:** हर बात कहने का एक सही समय और तरीका होता है। गुस्से में या तनाव के समय की गई चर्चा अकसर विवाद में बदल जाती है। इसलिए आवश्यक है कि हम सही समय का चयन करें।

**सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाइए:** हर मतभेद को नकारात्मक रूप में देखने के बजाय, उसे एक अवसर के रूप में देखें, एक-दूसरे को बेहतर समझने का अवसर। हमें यह समझना जरूरी है कि सकारात्मक दृष्टिकोण रिश्तों में मिठास बनाए रखता है।



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# ग्लोइंग फेस के लिए इफेक्टिव होम रेमिडीज

चेहरा धोने के लिए यूज किए जाने वाले कुछ फेस वॉश में केमिकल्स होते हैं, जिनको लगाने से चेहरे पर दाग, धब्बे उभरने शुरू हो जाते हैं। ऐसे में चेहरा बदसूरत या डल दिखने लगता है। इनसे बचने के लिए अगर आप आसानी से तैयार होने वाले घरेलू हर्बल उत्पादों का चेहरे पर इस्तेमाल करें तो बेहतर परिणाम नजर आएंगे।

**कच्चा दूध:** कच्चे दूध को कॉटन पैड की मदद से चेहरे पर लगाएं और पांच मिनट तक चेहरे की क्लींजिंग करें। इसके बाद चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालें। कच्चा दूध कील-मुंहासों को हटाने में मददगार होता है। इसके नियमित इस्तेमाल से चेहरा कोमल-चमकदार हो जाता है।

**दही:** अगर आप रोज सुबह चेहरे पर दही



लगाएंगी, तो इससे त्वचा दिन भर फ्रेश और खिली-खिली नजर आएगी। रात में चेहरे पर दही लगाने से, त्वचा पर मौजूद सारी गंदगी और धूल-मिट्टी आसानी से निकल जाती है। आप 2 चम्मच दही में 2 चम्मच बेसन और चुटकी भर हल्दी मिलाएं। अब इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। 20-25 मिनट बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए आप कुछ दिनों तक रोजाना चेहरे पर दही लगा सकती हैं। दही, बेसन और हल्दी का फेस पैक स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह सभी स्किन टाइप के लोगों के लिए अच्छा होता है।

**हल्दी-दूध फेस पैक:** आधा छोटा चम्मच हल्दी पावडर में दो छोटे चम्मच दूध मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिलाकर फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। फेस पैक को सूखने दें। हल्के हाथों से रब करते हुए पानी से त्वचा को साफ कर लें। इस पैक को हफ्ते में दो-तीन बार लगाएं।



**एलोवेरा जैल:** एलोवेरा जैल को त्वचा पर सीधा अप्लाई किया जा सकता है। पौधे से निकाला गया जैल पत्ते की लुगदी होती है और पत्तियों के अंदरूनी हिस्सों में पाई जाती है। एलोवेरा को घरेलू उपचार के तोर पर प्रयोग करने में पहले पौधे को पूरी तरह धो लेना चाहिए फिर पूरी स्वच्छता का ध्यान रखते हुए एलोवेरा जूस या जैल को प्रतिदिन चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा को मुलायम बनाए रखने में मदद करता है।

**शहद:** शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। मॉयश्चराइजर त्वचा को कोमल, हेल्दी और आकर्षक बनाए रखता है। इसके लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इसको अपने चेहरे, गर्दन और शरीर के खुले भागों पर लगाएं फिर आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार उपयोग में ला सकती हैं।

योगा जोन

दिव्यज्योति 'नंदन'

हालांकि प्रेग्नेंसी के दौरान हैवी वर्कआउट या कठिन आसन करना हार्मफुल हो सकता है। लेकिन डॉक्टर की सलाह पर ट्रेनर की निगरानी में अगर कुछ सरल योगासन करें तो आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

# प्रेग्नेंसी के दौरान योगा बरतें सावधानियां

प्री-नेटल योगा आमतौर पर बहुत धीमी गति से की जाने वाली वो प्रैक्टिस है, जो गर्भावस्था के दौरान हमारे शरीर में आने वाले शारीरिक और भावनात्मक बदलावों को सपोर्ट करने के लिए की जाती है। यह योगा गर्भावस्था के शुरुआती दिनों से शुरू होकर डिलीवरी तक आसानी से किया जा सकता है। प्री-नेटल योगा आप घर पर



रहकर ऑनलाइन, यू-ट्यूब द्वारा दिखाए गए वीडियोज के जरिए भी कर सकती हैं। लेकिन इसे करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर कर लें और योगा ट्रेनर के निर्देशन में करना ही सुरक्षित रहेगा।

**योगासन करने के फायदे:** हल्के-फुल्के योगासन गर्भावस्था में पूरी सुरक्षा देते हैं और इनके जरिए आप श्वास पर नियंत्रण करके अपने रक्त संचार को बेहतर कर सकती हैं। इससे अपने गर्भ में पल रहे बच्चे के साथ अपना एक गहरा कनेक्शन भी महसूस कर सकती हैं। यह योगा प्रैक्टिस, पेन फ्री गर्भावस्था के लिए आपको शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। आप इन आसनों को करके एनर्जेटिक फील करती हैं।

**सावधानी से करें प्रैक्टिस:** जो महिलाएं प्रेग्नेंट हैं और जिन्होंने अभी तक योगा शुरू नहीं किया है, उनको योगासन करने के लिए सर्टिफाइड प्री-नेटल ट्रेंड इंस्ट्रक्टर से ही ट्रेनिंग लेनी चाहिए। शुरूआत में मंद गति से सांस लेना और छोड़ना, शरीर को धीरे-धीरे स्ट्रेच करने और गर्भावस्था के लिए विशेष



तौर पर डिजाइन किए गए बेसिक पोस्चर के साथ योगा करना चाहिए। क्योंकि गर्भावस्था में महिलाओं के शरीर में नए-नए तरह के बदलाव होते हैं। इसके लिए इसे रोज हर हाल में करने की बजाय उतना ही करना चाहिए, जिससे आपको थकान न लगे। ज्यादा कठिन आसन और एडवांस पोस्चर, विशेष तौर पर बिना किसी एक्सपर्ट की गाइडेंस के नहीं करने चाहिए। आपका शरीर जिन आसनों को करने में रिलैक्स फील करे, आपको उतना ही श्रम करना चाहिए, तभी आपका शरीर धीरे-धीरे योगासन के लिए अपने आपको शारीरिक रूप से तैयार कर सकता है।

**रखें इन बातों का ध्यान:** प्रेग्नेंसी के दौरान योगा करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें।

- प्री-नेटल योगासन डॉक्टर की सलाह पर ही योगासन करें।
- श्वसन क्रिया, हल्के-फुल्के पोस्चर जैसे कैट पोज, मलासन पर ही फोकस करें।
- सीने की मांसपेशियों और एडविक फ्लोर को मजबूती देने वाले आसन ही करें।
- मेडिटेशन और प्राणायाम करें।
- उन्हीं आसनों को करें, जो आपको एकाग्रचित होने में सहयोग करें और आपके लिए आरामदेह साबित हों।
- कमर को पीछे की ओर ज्यादा मोड़ने वाले, अचानक मुद्रा में बदलाव करने वाले, जंप बैक और दूसरे कठिन आसन करने से परहेज रखें।
- कपालभाति या सांस रोकने वाले आसन भी किए जा सकते हैं।
- ज्यादा स्ट्रेचिंग न करें, क्योंकि इन दिनों हार्मोनल बदलाव के कारण शरीर में लचीलापन आ जाता है, जो जोड़ों के सेहत के लिए सही नहीं होता।

## कई दुकानों पर छापेमारी, 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त, कमर्शियल की जगह किया जा रहा था प्रयोग

# एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी व कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त

### फूड सप्लाई विभाग ने जब्त किए सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी पर जिला प्रशासन सोमवार को सख्त नजर आया। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा सोमवार को जिला सचिवालय के सामने स्थित दो दुकानों पर छापेमारी कर कमर्शियल सिलेंडर की जगह प्रयोग किए जा रहे 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। मौके पर मौजूद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एएफएसओ आजाद सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि इन दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। सूचना के आधार पर दुकानों की जांच की गई तो कमर्शियल सिलेंडर की जगह घरेलू गैस सिलेंडर प्रयोग किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देश पर गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आजाद सिंह ने स्पष्ट किया कि घरेलू सिलेंडरों का उपयोग केवल घरों के लिए निर्धारित है, जबकि व्यावसायिक कार्यों के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग करना अनिवार्य है। घरेलू गैस सिलेंडर का इस तरह का दुरुपयोग नियमों का उल्लंघन है और आम उपभोक्ताओं के लिए घरेलू गैस की उपलब्धता को भी प्रभावित करता है।


हांसी। छापेमारी के दौरान जब्त किए गए घरेलू गैस सिलेंडर ले जाते फूड सप्लाई विभाग के अधिकारी।

इस अवसर पर इंस्पेक्टर अनुराग सिंह, इंस्पेक्टर सुनील, इंस्पेक्टर टिंकू और सब-इंस्पेक्टर शैलेश भी शामिल थे। झापामार टीम ने जब्त किए गए गैस सिलेंडरों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान एएफएसओ आजाद सिंह ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग करने वालों के खिलाफ छापेमारी जारी रहेगी। उन्होंने दुकानदारों से नियमों का पालन करते हुए व्यावसायिक कार्यों के लिए केवल कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग करने की अपील की।

### हिसार में एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पर प्रशासन की नजर, हेल्पलाइन जारी

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा है कि जिले में एलपीजी गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता व आपूर्ति की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर जांच टीमों का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से बाजार में आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। इसके अलावा सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, ताकि किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि आमजन की सुविधा के लिए कार्यालय उपायुक्त प्रथम तल के कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 01662-241034 तथा जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक के हेल्पलाइन नंबर 01662-233944 जारी किया गया है। इन नंबर पर कोई भी व्यक्ति गैस या पेट्रोलियम पदार्थों से संबंधित शिकायत या सुझाव दर्ज करवा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले में एलपीजी गैस व अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की नियमित आपूर्ति हो रही है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।


हिसार। मंच पर आसीन नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. हेमंत आहुजा के साथ राष्ट्रीय, प्रांतीय व हिसार इकाई के सदस्य।

## अखिल भारतीय सेवा संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

- सर्वसम्मति से हुआ चयन, सामाजिक सेवा को नई दिशा देने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अखिल भारतीय सेवा संघ की हिसार शाखा की बैठक यहां हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में प्रमुख समाजसेवी डॉ. हेमंत आहुजा को अध्यक्ष चुना गया, जबकि गुलशन कथूरिया को सचिव और संजीव राजपाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। डॉ. हेमंत आहुजा के चयन को उनके लंबे सामाजिक व धार्मिक योगदान का सम्मान माना जा रहा है। वे वर्षों से जरूरतमंदों की सहायता, स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी कार्य करेगा। प्रधान डॉ. हेमंत आहुजा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और समाज हित में निरंतर कार्य करते रहेंगे।

### शिकारपुर के श्मशान घाट में लगाई दो त्रिवेणी

**हिसार।** निकटवर्ती गांव शिकारपुर के श्मशान घाट परिसर में पर्यावरण संरक्षण की एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां जयराम श्योराण (फौजी) और शिशपाल सिंह सिंहमार ने मिलकर दो त्रिवेणी लगाई। इस पहल का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना है, बल्कि लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना भी है। त्रिवेणी में आमतौर पर पीपल, बरगद और नीम के पौधे एक साथ लगाए जाते हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा में विशेष महत्व प्राप्त है। ये पौधे वातावरण को शुद्ध करने, ऑक्सीजन बढ़ाने और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## खबर संक्षेप

### सरसों की खरीद पर सरकार का रवैया किसानों के खिलाफ

**हिसार।** जननायक जनता पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बागबीर बैनीवाल ने सरसों की खरीद पर सरकार का रवैया उदासीन बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर की कई मंडियों के अलावा हिसार में पहले दिन सरकारी खरीद की हालत देखते हुए 90 फीसद मंडियों में ठप रही। जेजेपी नेता ने कहा कि नए नियमों जैसे बायोमैट्रिक सत्यापन, ट्रैक्टर-ट्राली की फोटो, डिजिटल कांटे, गेट पास और ई-खरीद पोर्टल पर दिक्कतों में क्रैश होना, लंबी लाइनें की दुविधा से किसान जूझ रहा है।

### भाविप वीर शाखा ने जरूरतमंदों को दी जुराबें

**हिसार।** भारतीय विकास परिषद, वीर शाखा हिसार द्वारा हकृवि स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के जरूरतमंद विद्यार्थियों को 250 जुराबें वितरित की गईं। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रिंसिपल ओमप्रकाश डाबला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रमुख समाजसेवी रामस्वरूप पोपली ने शिरकत की। इस अवसर पर विनोद मलिक, डॉ. रमेश आर्य, उप प्राचार्या कुसुम, डॉ. सतीश वर्मा, संजय भयाना, विजय चावला, जगदीप राणा, पुष्पा आदि रहे।

### मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम में सहयोग करने का आह्वान

**हिसार।** बाबा हिन्दुस्तानी सपरिवार अर्बन एस्टेट स्थित हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम में पहुंचे, जहां पर मंदबुद्धि एवं बेसहारा महिलाओं के साथ परिवार ने समय बिताया। इस अवसर पर बाबा हिन्दुस्तानी ने महिलाओं को खाद्य एवं अन्य आवश्यक सामग्री भेंट की। बाबा हिन्दुस्तानी आश्रम की संचालक मंजू स्यहाड़वा के पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने सपरिवार आश्रम पहुंचे थे। बाबा हिन्दुस्तानी ने शहरवासियों से इस आश्रम के सहयोग का आह्वान किया।

### पावर पॉइंट प्रतियोगिता में जागृति रही प्रथम

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में गणित विभाग की ओर से पावर पॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न समकालीन एवं ज्ञानवर्धक विषयों जैसे 'गणित और नवाचार', '21वीं सदी के गणितज्ञ' तथा 'गणित और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन गणित विभागाध्यक्ष प्रो. हर्षा ने किया।

### रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एवं टीचर्स एसो. ने की बैठक

**हिसार।** रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एवं टीचर्स एसोसिएशन, हरियाणा की आम सभा की बैठक दयानंद कॉलेज में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रम जीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई I बैठक में हरियाणा के विभिन्न ज़ोन से काफी अधिक संख्या में प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसोसिएशन के प्रधान डॉ. एएस मल्होत्रा ने सभी सदस्यों को एसोसिएशन की कार्यप्रणाली एवं एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कोर्ट केस के सम्बन्ध में सभी सदस्यों को अवगत कराया।

### भूगोल विभाग ने किया व्याख्यान का आयोजन

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में भूगोल विभाग की ओर से स्काइलाइन जियो इनफॉर्मेटिक्स संस्थान, रोहतक के सहयोग से जियो इनफॉर्मेटिक्स तकनीक पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सतबीर सिंह सांगा विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सतबीर सिंह सांगा एवं भूगोल विभाग के प्रवक्ता डॉ. संजय कुमार ने इस अवसर पर स्काइलाइन इंस्टीट्यूट आफ जीयोफार्मेटिक्स, रोहतक से आए हुए मुख्य वक्ता डॉ अजय व सीमा का स्वागत किया।

## कोई ऐसा मंदिर नहीं, जहां हनुमानजी विराजित न हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रामभक्त हनुमान मंदिर समिति, गली नम्बर-2 जवाहर नगर के 31वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही हनुमान कथा के दूसरे दिन रोहतक से कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य श्रीराम निरमोही ने प्रवचन देते हुए कहा कि हनुमानजी का सेवा भाव और सुमिरन इतना है कि शायद कोई ऐसा मंदिर हो, जहां हनुमानजी की स्थापना ना हो। लोग हनुमानजी को पूजते हैं। हनुमान के बल पर विश्वास रखते हैं और हनुमानजी भी हर समय अपने भक्तों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। अगर शरीर को ही देखना है तो हनुमानजी जैसा शरीर किसी का हो नहीं सकता। आज के युवा वर्ग को हनुमानजी प्रेरणा दे रहे हैं कि तन, बल के साथ-साथ बुद्धि का विवेक और ज्ञान भी बहुत जरूरी है। जिसके पास कुछ है, उसको प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं है।


हिसार। हनुमान मंदिर जवाहर नगर में प्रवचन देते भागवताचार्य श्रीराम निरमोही।

### ये रहे मौजूद

इससे पूर्व हिसार के भजन सम्राट डॉ. मोहन तनेजा ने भजनों की वर्षा की। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान इन्द्रचंद राठी, हनुमान राठी, प्रीतम छाबड़ा, के.के.सेहरा, भगतचंद मेहता, हरबंस ग्रोवर, पं. ऋषिलाल, पुजारी पं. नीलमणि, सुरेन्द्र सिहाग, हंसराज, रमेश गांधी, सुरेन्द्र, ओमप्रकाश बजाज, राधेश्याम कटारिया, रमेश गांधी, सूरजप्रकाश, नारायण दास, रायसिंह सिहाग, नत्थूराम सैनी, नरेन्द्र रेवड़ी, मुकेश मालानी आदि भी उपस्थित रहे।

## 596 वाहनों की जांच कर 124 वाहनों के किए चालान

- पुलिस ने चलाया विशेष चैकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के दिशानिर्देश अनुसार पुलिस जिला हांसी द्वारा रविवार शाम 7 से रात 10 बजे तक सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने संदिग्ध वाहनों को बारीकी से चैक किया और यातायात नियमों की अवहेलना करने वाहनों के नियमानुसार चालान किए गए।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि विशेष चैकिंग अभियान किसी भी आपात स्थिति से निपटने व अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधियों को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए जिला पुलिस द्वारा किया जाता है।सीलिंग प्लान के अनुसार जिला में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर 596 वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 124 वाहनों के चालान किए।


हांसी। विशेष चैकिंग अभियान के दौरान वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मचारी।

### सीलिंग प्लान पर दिए सख्त निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने सीलिंग प्लान के अन्तर्गत सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबंधक थाना, पुलिस चौकी व अपराध यूनिट्स के इंचार्जों को निर्देश दिए हैं कि वह भविष्य में सूचना मिलते ही अपने-अपने क्षेत्र में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए सीलिंग प्लान के अनुसार कार्य करें। जिससे अपराधों की रोकथाम की जा सके और अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

### एसपी ने वाहन चालकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने आमजन से सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होने वाली दुर्घटनाएं जान-माल की हानि का कारण बनती हैं, जिन्हें सावधानी एवं यातायात नियमों की पालना से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय चालक एवं पीछे बैठने वाले व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इसी प्रकार चारपहिया वाहन चलाते समय चालक सहित सभी सवारियों को सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है।


एसपी विनोद कुमार

## बीएलओ को अनावश्यक कार्यालय कार्यों से मुक्त रखने के निर्देश

- एसडीएम ने मतदाता सूची प्री विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान व मैपिंग कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एसडीएम ज्योति मित्तल की अध्यक्षता में सोमवार को एसआईआर के प्री विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तथा आम मतदाताओं की 2002 से मैपिंग एवं मिलान से संबंधित कार्यों को लेकर पार्षदों, सेक्टर प्रतिनिधियों एवं विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसडीएम ज्योति मित्तल ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बूथ लेवल अधिकारियों को अनावश्यक कार्यालय कार्यों से मुक्त रखा जाए, ताकि वे पूरी तरह से फील्ड में जाकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। बैठक में उपस्थित महापौर प्रवीण पोपली, सभी वार्ड के पार्षदों, सेक्टर प्रतिनिधियों और एनजीओ सदस्यों व निर्वाचन कानूनगो स्नेह कुमार ने भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।


हिसार। पार्षदों, सेक्टर प्रतिनिधियों एवं एनजीओ प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते एसडीएम ज्योति मित्तल एवं मेयर प्रवीण पोपली।

### मतदान केंद्रों पर लगेंगे कैंप

1 अप्रैल से 14 अप्रैल तक घर-घर जाकर सर्वे अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक मतदाता का सत्यापन और आवश्यक जानकारी का अद्यतन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एसडीएम ने निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर शनिवार और रविवार को विशेष कैंप आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनाकर मैपिंग कार्य को तेजी से पूरा किया जा सके।

### जीण माता मंदिर में 436 कन्याओं का किया पूजन

**आदमपुर।** जीण माता मंदिर भादरा रोड पर के प्रांगण में भव्य रूप से 436 कन्याओं का पूजन विशाल भंडार व जागरण का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सिद्ध पीठ जहरगिरी जी आश्रम, भिवानी से डॉ. अशोक गिरी महाराज एवं शिव कामेश्वर किरमारा धाम सेश्री श्री 1008 युगल गिरी जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान श्री श्री 1008 युगल गिरी जी महाराज द्वारा प्रत्येक कन्या को 1100 रुपये भेंट कर मां जीण भवानी का आशीर्वाद प्राप्त किया गया तथा मंदिर को 11000 रुपये का दान भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुभाष जांगड़ा, कृष्ण जांगड़ा, प्रेम जांगड़ा, सोनू वर्मा, संदीप बिलेवाल, कुलदीप जयाणी, मांगे राम शर्मा, राजकुमार शर्मा, विकास शर्मा एवं नरेश शर्मा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## हल्की बूंदाबांदी से पारा लुढ़का

- सोमवार को अधिकतम पारा 31.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य से 2 .3 कम है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के चलते सोमवार को हिसार व आसपास के क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई। दिनभर बादलवाई रही। करीब 1.2 मिलीमीटर बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। इसके चलते दिन का पारा सामान्य से नीचे चला गया। सोमवार को अधिकतम पारा 31.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य से 2.3 कम है। रात्रि पारा 18.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य से 1.3 कम है।

उधर, मौसम में आए परिवर्तन के कारण सरसों की कटाई पर असर पड़ा है, साथ ही गेहूं की कटाई अब और आगे खिसक गई है। बार-बार मौसम परिवर्तनशील बना रहने के कारण जिले में गेहूं की आवक 10 अप्रैल के बाद शुरू होने की संभावना है, हालांकि गेहू की सरकार खरीद एक अप्रैल से शुरू होनी है। उधर मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार बुधवार को भी पश्चिमी विक्षोभ के चलते हरियाणा के पश्चिमी हिस्सों में बादलों की आवाजाही के बीच बिखराव वाली हल्की बारिश या फिर बूंदाबांदी की गतिविधियों की संभावनाबरकरार रहेगी जबकि 1-2 अप्रैल को एक दो स्थानों छुटपुट बूंदाबांदी तथा ज्यादातर स्थानों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

इसके अलावा 3 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय 3-5 अप्रैल होने से पुनः हरियाणा एनसीआर दिल्ली के कई भागों में आंधी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके पीछे-पीछे एक नया पश्चिमी विक्षोभ 7 अप्रैल को सक्रिय होने से फिर से मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है। कुल मिलाकर अप्रैल माह के पहले पखवाड़े में लगातार मौसम में बदलाव और तापमान में उतार चढाव देखने को मिलेगा।



### सत्संग के माध्यम से प्राप्त होता है जीवन जीने का सलीक़ा: स्वामी सत्यानन्द

**हिसार।** अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्वावधान में स्थानीय गोयंका सेवा सदन देवी भवन के प्रांगण में प्रारंभ हुए सात दिवसीय संत सम्मेलन के प्रथम दिवस महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज के कृपापात्र सोहम् पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानन्द महाराज ने कहा कि जीवनोत्कर्ष के लिए सत्संग परमावश्यक है। उन्होंने कहा कि सत्संग के माध्यम से जीवन जीने का सलीक़ा प्राप्त होता है।अनेकों समस्याओं का सामना करने की समझ आती है। सत्संग के माध्यम से ही जीवन का लक्ष्य, मूल्य, उद्देश्य समझ में आता है। सत्संग से जीवन की गलतियों में सुधार किया जा सकता है।इसी माध्यम से हमें अपनी संस्कृति व धर्म कर्म आदि के विषय में जानकारी हो पाती है।अच्छे व बुरे का बोध हो पाता है। वैराग्य, निष्काम कर्मयोग, भक्तियोग एवं ज्ञानयोग आदि के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। हमारे पावन इतिहास की जानकारी होती है। भगवान और भक्तों की चर्चाएं सुनकर हृदय पवित्र होता है। प्रवचनों में आए अन्य संतो में स्वामी प्रणवानंद ने फरमाया कि मनुष्य अपनी जिह्वा व वाणी पर काबू रख ले तो समझो सारा जग जीत लिया।इसके अलावा स्वामी शिवानंद ने सत्संग की महिमा का विस्तार से वर्णन किया।

### पूर्णाहुति गो महायज्ञ व भंडारे के साथ श्रीमद गो भागवत कथा संपन्न

## जीवन यात्रा में हर कदम पर श्रीकृष्ण का चरित्र प्रेरणा स्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मातृभूमि सेवा संघ, गोसेवा गतिविधि एवं काबरेल के केशव माधव धाम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती कॉलेज प्रांगण में चल रहे 108 कुंडीय दशांश महायज्ञ व श्रीमद गौ भागवत कथा पूर्णाहुति गौ महायज्ञ व भंडारे के साथ विधि-विधान से संपन्न हुए। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीमद गो भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक ने कहा कि हमेशा संतों का संग करना चाहिए क्योंकि संतों के पास भगवान का नाम रूपी धन होता है। उनका उद्देश्य केवल मात्र यही होता है कि किसी भी माध्यम से भगवान के दर्शन किए जाएं। इसलिए संतों का संग हमेशा कल्याणकारी होता है। उन्होंने समझाया कि भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र हर कदम पर जीवन यात्रा में प्रेरणा स्त्रोत का काम करता है। इससे पूर्व मातृभूमि सेवा संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक के सान्निध्य में पूर्णाहुति गौ महायज्ञ का आयोजन किया गया। पूर्णाहुति गो महायज्ञ में अजीत महापात्र, पूरन यादव लोहचब, विजय ढल, कमलेश ढल, विकास ढल, डॉ. सोनिया रानी, दीपक ढल, पवन जिंदल, भूपेंद्र कुमार, कमल सर्राफ, रणधीर झाझड़िया, नीरज कुमार गुप्ता, आदिश जैन व सुरेंद्र लाहौरिया सहित काफी संख्या में गणमान्य लोगों व श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ हिस्सा लिया।



हिसार। श्रीमद गौ भागवत कथा में गोदान के पोस्टर का लोकर्पण करते अतिथिगण।

### गो शक्ति अनुष्ठान में उमड़ा जनसैलाब

सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर व गो शक्ति जागरण अनुष्ठान संचालन समिति के व्यवस्था प्रमुख विकास ढल ने बताया कि आठ दिवसीय गो शक्ति जागरण अनुष्ठान में हिसार से ही नहीं बल्कि हरियाणा सहित अन्य राज्यों से भी अतिथियों व श्रद्धालुओं ने पूरी निष्ठा से हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि श्रीमद गौ भागवत कथा के सातवें दिन विधायक सावित्री जिंदल मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान असरावां निवासी कृष्ण के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में बाडो पट्टी निवासी सतीश कुमार ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार गत 28 मार्च को शाम करीब 4:30 बजे वह हिसार से अपने घर आया और अपने कमरे में बेड के दराज में तीन हीरे की अंगूठियों के साथ 8000 रुपये नकद रखे। उस समय उसके घर पर एसी की सर्विस के लिए एक मिस्त्री मौजूद था।

### दुष्कर्म मामले में आरोपित गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान बरवाला की इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी शमशेर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे दिल्ली के नांगलोई से गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में बरवाला थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने थाना में उपस्थित होकर अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत पर केस दर्ज करके तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी शमशेर को दिल्ली के नांगलोई क्षेत्र से काबू किया।

### युवकों पर हमला करने के मामले में 5वां आरोपित काबू

**आदमपुर।** पुलिस ने गांव चुली खुर्द में युवकों पर हुए सामूहिक हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए पांचवे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान गांव के ही अमित के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीड़ित युवक गांव में आयोजित जागरण कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में करीब 10-15 युवकों ने उन पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले चार आरोपियों चुली खुर्द निवासी रविदास, पारस, रवि उर्फ बिट्टू व सन्नी उर्फ मणि को गिरफ्तार कर लिया था, जो फिलहाल जेल में हैं।

### अग्निपथ योजना के तहत आवेदन 10 तक बढ़ाई

**हिसार।** भारतीय सेना द्वारा अग्निपथ योजना-2027 के अंतर्गत अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को बढ़ाकर 10 अप्रैल रात 11:59 बजे तक कर दी गई है। गौरतलब है कि आवेदन प्रक्रिया 2 अप्रैल तक निर्धारित की गई थी। हिसार सेना भर्ती कार्यालय से भर्ती निदेशक ने बताया कि हिसार, हांसी, फतेहाबाद, सिरसा और जींद जिलों के योग्य युवा इस भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### राजकीय विद्यालयों में मेगा पीटीएम 1 को

**हिसार।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राम रतन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में 1 अप्रैल को बालवाटिका-थर्ड से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेगा पीटीएम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के वार्षिक मूल्यांकन परिणामों को अभिभावकों के साथ साझा करना तथा बच्चों के समग्र विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## शिविर में एसडीएम के रीडर ने फरियादियों की सुनीं शिकायतें

# हांसी में समाधान शिविर से अधिकारी गायब

### समस्या के समाधान की आस लेकर आए फरियादियों ने जताई नाराजगी

अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण फरियादियों की समस्या का तत्काल समाधान नहीं हो सका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला सचिवालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला का कोई भी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद नहीं रहा। उपायुक्त, एसडीएम और तहसीलदार सहित वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर शिविर पहुंचे फरियादियों को निराश लौटना पड़ा।

इस दौरान शिविर में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि उच्च अधिकारी आवश्यक मीटिंग में गए हुए हैं। लेकिन दूर-दराज के गांवों और मोहल्लों से आए लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। शिविर में एसडीएम के रीडर ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण फरियादियों की समस्या का तत्काल समाधान नहीं हो सका।



हांसी। समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारी की खाली पड़ी कुर्सी और इंतजार करते फरियादी। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में आई महिला बोली- नहीं मिल रही पेंशन

शहर के एक मोहल्ले से पहुंची महिला जयंता ने बताया कि उसे पिछले कई महीनों से पेंशन नहीं मिल रही है। और इस बारे में वह पहले भी कई बार अधिकारियों से संपर्क कर चुकी है, लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिसके चलते उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सिंधड़ गांव कई ग्रामीण फसल खराबी के मुआवजे की मांग लेकर शिविर में पहुंचे थे। उन्हें भी अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। शिविर में जगदीश कॉलोनी के अशोक कुमार अवैध कब्जों की शिकायत लेकर आए थे।

### खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग की

पिछले साल बरसाती जलभराव के चलते देपल, ढंढेरी और रामायण गांवों में जलभराव से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव भी शिविर में पहुंचे थे लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उनकी समस्या का भी समाधान नहीं हो सका।

### रीडर ने सुनी समस्याएं लोग हुए निराश

शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों की गैरमौजूदगी के चलते अंततः एसडीएम रीडर संतोष ने ही लोगों की शिकायतें सुनीं और उन्हें शिकायत को उच्च अधिकारियों तक भिजवाने का आश्वासन दिया, लेकिन मौके पर समाधान नहीं मिलने से फरियादी मायूस नजर आए।

### बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए आज भी आना पड़ता है प्रशासन के द्वार



**नारनौंद।** सरकार ने काफी विभागों में ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करके सभी काम कंप्यूटर पर ऑनलाइन ही किया जा रहे हैं। बुढ़ापा पेंशन भी ऑनलाइन ही शुरू की जा रही है। उसके बावजूद भी बुजुर्गों को शिविर में आकर पेंशन से संबंधित समस्या का समाधान करवाने के लिए आना पड़ रहा है। अन्य विभागों के कार्यों के लिए भी प्रशासन का ढीला रवैया आज भी देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों को समस्या का समाधान करवाने के लिए सरकार द्वारा समाधान शिविर का सोमवार और गुरुवार को लगाया जा रहा है। जिसमें कोई भी ग्रामीण अपनी समस्या का समाधान करवा सकता है। ज्यादातर मामले पेंशन से संबंधित होते हैं। नारनौंद से कृष्णा, रामप्यारी सुबह ही अपनी समस्या को लेकर उपमंडल परिसर कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर इंतजार में बैठ गई।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनीं समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं

**हिसार।** लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सोमवार को नगराधीश हरिराम ने नागरिकों की समस्याओं का सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके निदान की दिशा में जरूरी कदम उठाने की हिदायत दी।

समाधान शिविर में गांव पनिहार चक्क से रमेश कुमार द्वारा राशन कार्ड बनवाने की मांग पर नगराधीश ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रार्थी की पात्रता अनुसार आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक अन्य प्रार्थी द्वारा बैंक कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल द्वारा पार्क व रोड पर सरकारी सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे तथा सूर्यनगर निवासियों द्वारा गली का निर्माण कार्य का पूरा न होना एवं जातिगत भेदभाव संबंधी शिकायत पर नगराधीश हरिराम ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी। एक प्रार्थी ने अपनी शिकायत में बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना किसी नोटिस और गैर हाजिरी में डेयरी का सीवरेज कनेक्शन काटने संबंधी शिकायत पर नगराधीश ने विभाग के अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कहा।



हिसार। विद्यायल संचालक हरिपाल पिलानिया के साथ विजेता विद्यार्थी।

### विज्डम स्कूल के विदाई समारोह का आयोजन

## अदिति और अभिषेक बने मिस व मिस्टर फेयरवेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साउथ बाइपास स्थित विज्डम स्कूल में कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत करने से हुई। इसके पश्चात कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने सीनियर्स के प्रति स्नेह और सम्मान प्रकट किया। छात्रों को विभिन्न आकर्षक टाइटल्स और स्मृति-चिन्ह प्रदान कर समारोह को यादगार बनाया गया। वहीं कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल द्वारा पूछे गए प्रश्नों के आधार पर मिस्टर फेयरवेल, मिस फेयरवेल, मिस्टर विज्डम और मिस विज्डम का चयन किया गया। इस अवसर पर अदिति को मिस फेयरवेल, अभिषेक को मिस्टर फेयरवेल, तान्या को मिस विज्डम तथा नव्यनील को मिस्टर विज्डम के खिताब से सम्मानित किया गया। विजेताओं को सैश पहनाकर सम्मानित किया गया।

### ओएसजीयू में मेगा जॉब फेयर 12 से

**हिसार।** हरियाणा के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें बेहतरीन करियर विकल्प प्रदान करने के उद्देश्य से ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय (ओएसजीयू) में तीन दिवसीय 'पुल कैंपस' (मेगा जॉब फेयर) का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक विश्वविद्यालय परिसर में चलेगा। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान पिछले कई वर्षों से लगातार इस तरह के जॉब फेयर का सफल आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार के जॉब फेयर में देश कि 60 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियाँ और विभिन्न इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि पहुंचेंगे, जो युवाओं की योग्यता के अनुसार उन्हें नौकरी के अवसर प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक और प्रतिकुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर ने बताया कि इस जॉब फेयर का दायरा काफी बड़ा रखा गया है। इसमें हरियाणा के किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय से पास-आउट व फाइनल ईयर से छात्र इसमें भाग ले सकते हैं। इसी के साथ ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सेज के फाइनल ईयर एवं पास आउट हुए विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

## तिकोना पार्क से जींद चौक तक चलाया विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा सोमवार को तिकोना पार्क से लेकर जींद चौक तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान निर्धारित सैनिटेशन प्लान के तहत संचालित किया गया, जिसमें सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

नगर परिषद के सफाई निरीक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों की टीमों ने सड़क किनारों, नालियों तथा सार्वजनिक स्थलों की व्यापक रूप से सफाई की। इस दौरान कूड़े-कचरे का उठान सुनिश्चित किया गया तथा नालियों में जमा गंदगी को हटाकर जल निकासी व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया।



अभियान के तहत विशेष रूप से उन स्थानों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जहां सामान्य दिनों में गंदगी जमा होने की संभावना अधिक रहती है। अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और लोगों से अपील की कि वे कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### अज्ञात वाहन ने युवती को पीछे से मारी टक्कर, मौत

**बरवाला।** सरहेडा बनभौरी मार्ग पर बीती रात्रि एक निजी स्कूल के समीप अज्ञात वाहन ने पीछे से एक युवती को टक्कर मार दी। जिससे युवती की मौत हो गई है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल हिसार में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतका के चचेरे भाई एवं घटना के प्रत्यक्षदर्शी सुमित के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है। जांच अधिकारी एसआई सीमा ने बताया कि वार्ड नंबर 6 निवासी सकीना (18) अपने परिजनों के साथ खाना खाकर रविवार रात्रि लगभग 9 बजे सरहेडा बनभौरी मार्ग पर टहलने गए हुए थे तो बीच रास्ते एक निजी स्कूल के समीप पीछे से तेज रफ्तार व अनियंत्रित होकर आए एक अज्ञात वाहन ने युवती सकीना को टक्कर मार दी। जिससे युवती सकीना गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल युवती सकीना को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका सकीना 12वीं की छात्रा थी।

## 'अक्षरम्-2026' महोत्सव में सुर बिखेरेंगे प्रख्यात संगीतकार अनु मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 3 से 5 अप्रैल तक साहित्य, संवाद और संस्कृति का एक अभूतपूर्व संगम होने जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के इस साहित्यिक-सांस्कृतिक महोत्सव 'अक्षरम्-2026' में प्रदर्शनी का शुभारंभ 3 अप्रैल को सायं साढ़े चार बजे होगा, जबकि विधिवत उद्घाटन 4 अप्रैल को सुबह 10 बजे होगा। इस प्रदर्शनी में देश और हरियाणा की सांस्कृतिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक विरासत को दर्शाया जाएगा। इस गौरवशाली अवसर पर बॉलीवुड के प्रख्यात संगीतकार अनु मलिक प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि होंगे और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। अनु



मलिक साहित्य, संवाद और संस्कृति के इस महोत्सव अक्षरम्-2026 को समर्पित खुद का गाया हुआ एक विशेष गीत भी जारी करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि अनु मलिक इस दौरान न केवल मुख्य अतिथि होंगे, बल्कि वे विद्यार्थियों के साथ साहित्य, संवाद और संस्कृति के महत्व पर सीधा संवाद भी करेंगे।

### सांस्कृतिक सहयोग और प्रमुख आकर्षण

इस विराट मंच को सजाने में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी और 'सुपवा' रोहतक जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। महोत्सव के दौरान प्रख्यात संगीतकार, चर्चित लेखकों और कलाकारों से विद्यार्थियों के सीधे संवाद होंगे। नई पुस्तकों का विमोचन, कवि सम्मेलन और हास्य-व्यंग्य प्रस्तुतियां बौद्धिक और रचनात्मकता के मेल से सभी को लुभाएंगे।

## विवि के शिक्षकों के शोध और गैर शिक्षकों की मेहनत का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) ने हकृवि को क्यूएस विश्वविश्वविद्यालय रैंकिंग-2026 में 301-350 रैंकिंग मिलने पर प्रसन्नता जताई है। हौटा का कहना है कि यह उपलब्धि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शोध तथा गैर शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा ने कहा है कि हकृवि ने क्यूएस विश्वविश्वविद्यालय रैंकिंग-2026 में 301-350 रैंकिंग प्राप्त की है, जो स्वागत योग्य है। कृषि विश्वविद्यालयों में हकृवि ने कृषि और वानिकी में देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा, उप प्रधान डॉ. कृष्ण यादव, सचिव डॉ. राजेश आर्य, सह सचिव डॉ. दिनेश तोमर व खजांची डॉ. कौटिल्य चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सुशील नागर, डॉ. सुबोध अग्रवाल, डॉ. अजय जांगड़ा, डॉ. सुशील शर्मा, डॉ. रीना, डॉ. देवेन्द्र चौहान व डॉ. विकास हुड्डा ने भी हकृवि को क्यूएस विश्वविश्वविद्यालय रैंकिंग-2026 में 301-350 रैंकिंग मिलने पर प्रसन्नता जताई है।

## हठधर्मिता छोड़कर कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करें एमडी: रवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के निर्देशानुसार थर्मल खेदड़ यूनिट द्वारा एमडी एचपीजीसीएल पर मनमानी का आरोप लगाते हुए एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट कैशियर रवि प्रकाश ने की जबकि संचालन सहसचिव प्रहलाद कौशिक ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट कैशियर रवि प्रकाश ने सोमवार को कहा कि एमडी एचपीजीसीएल को हठधर्मिता छोडक़र यूनियन केंद्रीय परिषद के साथ बैठक कर कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान यूनिट सचिव सुरेश सैनी ने खेदड़ प्लांट यूनिट की ओर से सर्कल सचिव दलजीत पंघाल को राज्य उपप्रधान बनाए जाने को लेकर राज्य कार्यकारिणी का धन्यवाद व्यक्त किया। यूनिट की बैठक में नवनियुक्त राज्य उपप्रधान दलजीत पंघाल का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।



हिसार। नवनियुक्त राज्य उपप्रधान दलजीत पंघाल का स्वागत करते यूनियन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## हर्षित भुकर ने जु-जित्सु हरियाणा कप में जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना




कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा द्वितीय के छात्र हर्षित भुकर ने सब-जूनियर वर्ग की जु-जित्सु हरियाणा कप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 28 एवं 29 मार्च 2026 को नरवाला में आयोजित की गई थी। हर्षित भुकर ने प्रतियोगिता के दौरान अपने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए सभी मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। विद्यालय के निदेशक बलवान सिंह धायल ने हर्षित भुकर को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता विद्यालय में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेलों के प्रति प्रोत्साहन और कड़ी मेहनत का परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य जय प्रकाश पांडेय ने भी हर्षित को स्वर्ण पदक जीतने पर शुभकामनाएं दीं।

### राजकीय कॉलेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

## बीए की छात्रा ज्योति यादव ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु गोरखनाथ नाथ राजकीय महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय 'आंतरिक व बाह्य सुरक्षा हम कैसे करें' रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. स्नेह लता एवं आजाद कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक मंडल के रूप में अंग्रेजी विभाग की डॉ. दीपिका तथा हिंदी विभाग की डॉ. सुमन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बीए की छात्रा ज्योति यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बीए प्रथम की मानसी ने द्वितीय, बीए तृतीय के कुलदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त बीए प्रथम क अनुषिका का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



हिसार। निबंध लेखन प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी व उपस्थित स्टाफ सदस्य।

**खेलकूद**

### छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज में हुई 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

## कोमल व सुनील ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज में 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में बीएससी स्पोर्ट्स द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल तथा पुरुष वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र सुनील कुमार बेस्ट एथलीट बने। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जाट शिक्षण संस्था कार्यकारिणी के सदस्य अमरीक सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट शिक्षण संस्था के प्रधान दिलदार सिंह पूनिया ने की। कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने उपस्थित मेहमानों का विधिवत स्वागत किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमरीक सिंह ने कहा कि विद्यार्थी किसी न किसी खेल को अवश्य अपनाएं तथा अपने शारीरिक व मानसिक विकास पर ध्यान दें।



हिसार। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

### ये रहे मौजूद

कोषाध्यक्ष सागर सिवाच, हरियाणा हायर एजुकेशन काउंसिल के सदस्य डॉ सतरूप ढांडा, नवनीत सहारण, सुनील सिवाच, डॉ प्रेमसुख, डॉ नवीन कड़वासरा, कुलदीप ढिल्लों, खेल प्रशिक्षक विनोद कुमार तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### महिला वर्ग के परिणाम

महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में चेतना प्रथम, ईशा द्वितीय व कोमल तृतीय, 200 मीटर दौड़ में कोमल प्रथम, चेतना द्वितीय व पूजा तृतीय, 800 मीटर दौड़ में कोमल प्रथम, ईशा द्वितीय व मनीषा तृतीय, लॉन्ग जंप में कोमल प्रथम, ईशा द्वितीय व पूजा तृतीया, हाई जंप में कोमल प्रथम, रवीना द्वितीय व आयशा तृतीय, डिस्कस थ्रो में सुमन प्रथम, रिंकू द्वितीय, पूजा व आरजू तृतीय, जैवलिन थ्रो में रिया प्रथम, पूजा द्वितीय व चेतना तृतीय तथा शॉट पुट में रिंकू प्रथम, सुमन द्वितीय व किरण तृतीय स्थान हासिल किया।

### पुरुष वर्ग के परिणाम

पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सुनील कुमार प्रथम, विकास द्वितीय व हिमांशु तृतीय, 400 मीटर दौड़ में सुनील कुमार प्रथम, हिमांशु द्वितीय व शनि तृतीय, 800 मीटर दौड़ में सुनील कुमार प्रथम, राहुल द्वितीय व हिमांशु तृतीय, 5000 मीटर दौड़ में सुनील कुमार प्रथम, नितिन द्वितीय व राहुल तृतीय, 10000 मीटर दौड़ में सुनील कुमार प्रथम, नितिन द्वितीय व साहिल तृतीय, लॉन्ग जंप में शनि प्रथम, हिमांशु द्वितीय व अक्षय तृतीय, हाई जंप में गुलाब प्रथम, कमलदीप द्वितीय व दयाराम तृतीय, जैवलिन थ्रो में विक्रमजीत प्रथम, विशाल द्वितीय व मनजीत तृतीय रहा।